भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या647**

दिनांक 29.04.2015/09 वैशाख, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**कथित रूप से 'सिमी' के लोगों द्वारा किए गए बम धमाकों की जांच**

**647 श्री ए.के. सेल्वाराजः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने राज्य सरकारों से बम धमाकों की की जा रही जांच में जल्दी से खुलासा सुनिश्चित करने को कहा है ताकि कथित रूप से 'सिमी' के लोगों द्वारा किए गए बम धमाकों में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा जा सके;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैः

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में राज्य सरकारों से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैः और?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क) और (ख) : जी, हां। केन्द्र सरकार ने खंडवा जेल से फरार होने वाले सिमी के उन भगोड़ों को गिरफ्तार करने और उनके ऊपर अभियोजन चलाने के लिए राज्य सरकारों से सभी प्रकार के प्रयास करने का अनुरोध किया है, जिन पर देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी घटनाओं में शामिल होने का संदेह है।**

**(ग) : जी नहीं।**

**(घ) : प्रश्न नहीं उठता।**

*****